आकाशगंगा सब्जी मंडी से कचरा संग्रहण पॉइंट हटाया गया, अब व्यापारियों की बारी

भिलाईनगर। आकाशगंगा गंगा थोक सब्जी मंडी से कचरा संग्रहण का पॉइंट था। उसको हटाने के लिए शिकायत मिल रही थी, इसे नगर निगम ने हटा दिया है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर अब उसके जगह पर वहां पर एक ट्राली रखी गई है। व्यापारी अपने दुकानों से निकलने वाली सब्जी के कचरे को उसे ट्राली में डालेंगे। जिसे निगम की गाड़ी दो टाइम सुबह 11:00 से 12:00 बजे शाम को 4:00 से 5:00 बजे के बीच में लेकर जाएगी और उसका खाद बनाया जाएगा। अब व्यापारी कहीं इधर.उधर कचरा फेंकेंगे तो, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना जाकर व्यापारियों के पदाधिकारी से बात किया। उनको समझाइश दी की सुबह भीड़ रहता है गाड़ी लोडिंग अनलोडिंग होता है। इसलिए रिक्शा प्रत्येक दुकान के सामने नहीं आ सकता है। दोपहर के समय एक बार नगर निगम का रिक्शा प्रत्येक दुकान पर जाएगा आप अपना कचरा उसे रिक्शा में डालें, बाकी कचरे को रखी हुई ट्राली में डालें अब कोई इधर.उधर फेंकेगा तो उसके खिलाफ चनानी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम भिलाई सहयोग कर रहा है व्यापारी भी सहयोग करें। सब्जी मंडी को साफ रखने की जिम्मेदारी दोनों पक्षों की है। व्यापारी भी सहमत हुए हैं।